आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 14.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- निर्वाचन आयोग ने पर्वतीय क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं और वृद्ध मतदाताओं को मतदेय स्थल तक पहुंचाने के लिए डोली–पालकी की व्यवस्था की।
- भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में विभिन्न चुनावी रैलियों को संबोधित किया। कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने ऋषिकेश में जनसम्पर्क कर मतदाताओं से मतदान की अपील की।
- बागेश्वर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु।
- मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

डोली–पालकी व्यवस्था

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में 19 अप्रैल को यानी मतदान दिवस पर गर्भवती महिलाओं और वृद्ध मतदाताओं को मतदेय स्थल तक पहुंचाने के लिए डोली–पालकी की व्यवस्था की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम ने आज हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालावाला स्थित पोलिंग बूथ के निरीक्षण के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को घर–घर जाकर भी वोटिंग कराई जा रही है। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान अधिकारियों को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

पिट्ठू बैग

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में इस बार कई बदलाव किए हैं। पहली बार मतदान पोलिंग पार्टियों को पिट्ठू बैग दिया जाएगा। 18 अप्रैल को मतदेय स्थलों पर रवाना होने वाली पार्टियों को बैग में सभी मतदान संबंधी प्रपत्र भरकर दिए जाएंगे। उधम सिंह नगर के मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री देने के लिए यह बैग तैयार किया जा रहा हैं।

भाजपा संकल्प पत्र

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र ''संकल्प पत्र'' के नाम से जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गज नेता इस अवसर पर मौजूद रहे। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ– GYAN यानी युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान रोजगार सृजन पर केंद्रित है। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ने पिछले दस साल में अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा किया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच साल तक जारी रखने की घोषणा की है। यह भी कहा गया है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के

माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री ने 70 वर्ष की आयु से ऊपर के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाने का वायदा किया।

संकल्प पत्र में भाजपा ने प्रमुख फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी जारी रखने की बात भी कही है।

## लोकसभा चुनाव प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की सभी पांचों संसदीय सीटों पर आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान से पहले राज्य में सभी राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार जोरों शोरों से चल रहा है। प्रधानमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायवती और अन्य नेता पहले ही राज्य में चुनावी रैलीयां कर चुके हैं, जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैलियां आने वाले दिनों में प्रस्तावित हैं। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रदेश के दौरे पर हैं। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में पौड़ी के श्रीनगर, हरिद्वार के रुड़की और देहरादून के रेसकोर्स में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। श्रीनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए श्री आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दस साल में भारत ने विकास किया है और सभी ने बदलते भारत को देखा है। देश की आंतरिक सुरक्षा पर केंद्र सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय देश में लगभग 150 जिले नक्सलवाद की चपेट में थे और भाजपा की सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। भाजपा के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि यह संकल्प पत्र युवा, महिला, किसान और गरीब कल्याण के लिए समर्पित संकल्प पत्र है।

गढ़वाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल ने आज ऋषिकेश के स्वर्गाश्रम और लक्ष्मण झूला क्षेत्र में जनसम्पर्क व पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। इसी बीच, उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सभी मतदाताओं से आगामी 19 अप्रैल को बढ़–चढ़कर मतदान की अपील की।

नैनीताल–लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने गदरपुर और दिनेशपुर में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से मतदाताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार जनता का हर मतदान बदलाव के नाम होगा। इसी सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने लालकुआं विधानसभा के अंतर्गत बिन्दुखत्ता के शास्त्री नगर में जनसंपर्क किया और स्थानीय जनता से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन भाजपा के साथ है। उधर, उत्तराखंड क्रांति दल के उम्मीदवार और निर्दलीय प्रत्याशी भी घर–घर जाकर मतदताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं। वहीं अल्मोड़ा में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की ओर से भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि जनता प्रदेश की पांचों सीटों के साथ ही देशभर में बदलाव चाहती है।

## बी.आर. आम्बेडकर जयंती

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। मुख्य समारोह संसद भवन परिसर में आयोजित किया गया है। संसद भवन में डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम्बेडकर जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा है कि बाबा साहेब सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे, जिन्होंने एक न्यायविद, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और

राजनेता के रूप में देश तथा समाज के लिए असाधारण योगदान किया। राष्ट्रपति ने देशवासियों से बाबा साहेब के आदर्शों और उनके कार्यों को समेकित रूप से अपनाने की अपील की ताकि देश का समावेशी विकास हो सके। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आम्बेडकर भारत के महान सपूत थे जिन्होंने न सिर्फ भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि वे सामाजिक न्याय के भी प्रबल समर्थक थे।

सड़क दुर्घटना

बागेश्वर जिले में आज सुबह बालीघाट–धरमघर मोटर मार्ग पर एक वाहन के खाई में गिरने से उसमें सवार चार लोगों की मृत्यु हो गयी। प्रापत जानकारी के अनुससार घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, फायर और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर बचाव अभियान का कार्य पूरा कर लिया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज आमतौर पर बादल छाए रहे। राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में कहीं–कहीं बारिश भी खबर है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अगले 36 घंटे के लिए बारिश और आंधी के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार चम्पावत नैनीताल और ऊधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघण्टा की रफ्तार से आंधी और गरज़ के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने इस अवधि के दौरान लोगों से सतर्क रहने को कहा है। मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि बारिश के कारण राज्य के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की उम्मीद है।

बायोमीट्रिक उपस्थिति

श्रीनगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में 15 अप्रैल से बायोमीट्रिक उपस्थिति शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों सहित सभी प्रशासनिक भवनों में यह व्यवस्था लागू होगी। इस व्यवस्था के सफल होने के बाद विश्वविद्यालय में सप्ताह में दो दिन अवकाश पर निर्णय लिया जाएगा। कुलसचिव धीरज शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित रूप से कार्यरत सभी शिक्षणेत्तर कार्मिकों को 15 अप्रैल से बायोमीट्रिक से ही उपस्थिति दर्ज करानी होगी।